एक नजर में

बागरी समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

जीरापुर 03 अप्रैल, सं. अखिल भारतीय बागरी समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन श्रीकृष्ण पांडव महाराज श्री खाटू श्याम मंदिर बागरी समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया . आयोजन में राजस्थान मध्यप्रदेश सहित आसपास क्षेत्र से ग्रेजुएट युवक युवतियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया . समाज के मंच पर युवक युवतियों ने बारी बारी से अपना परिचय देते हुए परिवार स्वयं के ग्रेजुएशन एवं जिस क्षेत्र में काम कर रहे वह बताया . प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण गुजराती ने कि हमारी समाज पूर्व से पश्चिम उत्तर से दक्षिण में निवास करती है . समाज के बेटा-बेटियों के संबंध स्थापित करने में सम्पर्क के अभाव में समाज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और उनके समतुल्य वर वधू का सही चयन नहीं हो पाता था . समाज के कुछ दांपत्य में तालमेल नहीं होने से कुछ रिश्ते टूट जाते थे जिससे समाज का नुकसान हो रहा था यह समाज की अनोखी पहल हैं अब सभी समाज हित में काम करते रहे . इस मौके पर जिला अध्यक्ष बागरी समाज दुर्गेश बागरी, मदनलाल, बिरम सिंह, प्रभु लाल, अंतर सिंह, रमेश, फूलचंद, नानूराम, लक्ष्मण, अरुण आदि सैकड़ो सामाजिक बंधुओ एवं युवक युवतियों कार्यक्रम में शामिल हुए .

एक रोटी कम खाएं मगर बच्चों को जरूर पढ़ाएं

पड़ाना 03 अप्रैल, सं. एक रोटी कम खाएं मगर अपने बच्चों को जरूर पढाए, हमारी सोच यह होना चाहिए हमारे बच्चों के एक हाथ में कुरान हो तो दूसरे हाथ में कंप्यूटर हो . यह बात पड़ाना के डीसेन्ट पब्लिक हाई स्कूल परिसर में आयोजित मकतबे दीनियात अबूबक्र सदिदीक के बच्चों के सालाना तालीमी इन्आमी अलीमुश्शान जलसा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोपाल ताजुल मसाजिद से तशरीफ लाए हजरत मौलाना डॉक्टर अतहर हबीब साहब नदवी ने कही . मौलाना ने आगे इल्म की अहमियत मकतब की अहमियत लोगों को बताते हुए कहा कि दुनिया की तालीम हासिल करके इंसान दुनिया के अंदर तो अपनी पहचान बना सकता है, मगर आखिर में उसकी कोई पहचान नहीं होगी . क्योंकि अक्सर देखा गया है कि जिस इंसान ने सिर्फ दुनिया की तालीम हासिल की है वह न तो बडों के हुकूक अदा करता है न पडोसियों के हुकूक अदा करता है . मगर जिस शख्स ने दुनिया के साथ दीन की तालीम हासिल की है . इसलिए जितना दुनिया का इल्म सिखाना जरूरी है उससे कई ज्यादा जरूरी है कि दीन का इल्म हर इंसान के अंदर हो . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे हजरत मौलाना तस्वव्वूर हुसैन साहब पीतमपुर इंदौर चौपाटी ने भी अपनी तकरीर पेश की . इस मौके पर हजरत मौलाना सैयद शराफत अली साहब नदवी, मौलाना इरफान साहब, मौलाना इखलास साहब, मौलाना शाकिर साहब, मौलाना अखलाक साहब सहित अन्य मौजूद रहे . बुधवार को रात 9बजे से 12 तक बाहर से आने वाले मेहमानों ने तकरीर की और हजरत मौलाना तस्वव्वूर हुसैन साहब की दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ .

फर्जी ओटीपी से बना दिए आठ जन्म प्रमाण पत्र

ओटीपी और जीमेल आईडी एक्सेस से 8 सर्टिफिकेट जारी, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

आयुष्मान योजना के माध्यम से लाखों रुपयों का चूना लगाने की आशंका

नवभारत न्यूज

जीरापुर/ ब्यावरा 03 अप्रैल, सं. जिले के जीरापुर ब्लॉक अंतर्गत रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ऑफिशियल मेल आईडी और प्रभारी के मोबाईल पर 8 जन्म प्रमाणपत्र को लेकर फर्जी ओटीपी से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) रामगढ़ में जन्म-मृत्यु पोर्टल पर फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है.

इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और पोर्टल सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. इसे आयुष्मान योजना के माध्यम से लाखों रूपयों का चूना लगाने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है. फर्जी प्रमाण पत्र का उपयोग षड़यंत्र पूर्वक करना शासन को धोखा देकर लाभ कमाने से जोड़ा जा रहा है.

जानकारी के अनुसार रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी डॉ. सिमरन ठाकुर ने अपने विभाग को आवेदन और जानकारी सौंपी है. मामले को साईबर अपराध के रूप में देखा जा रहा है. जिसमें बड़ा रैकेट शामिल हो सकता है. बीते 16 मार्च को अस्पताल के मेल आईडी और डॉक्टर के फोन पर ओटीपी और एसेमेस की प्रक्रिया शुरू होने के बाद रात 9 बजे जी मेल आईडी बदली गई. इसके बावजूद अगले दिन सुबह फिर से लॉगिन प्रयास किया गया. जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. संस्था प्रभारी द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत, ओटीपी स्क्रीनशॉट और सभी प्रमाण पत्रों के प्रिंट आउट साक्ष्य के रूप में सौंप दिए गए हैं.

आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा कर लाभ लेने की आशंका

पूरे मामले को स्वास्थ्य विभाग साईबर हैकिंग से जोड़कर देख रहा है . इसमें आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा कर लाभ लेने की आशंका व्यक्त की जा रही है . गौरतलब है कि इन दिनों ब्यावरा , राजगढ़ सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर मौजूद निजि चिकित्सालयों के द्वारा आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा कर बड़े पैमाने पर शासन को चूना लगाने की आशंका व्यक्त की जा रही है . जिले के कई अस्पताल इस काम में बड़ा घोटाला कर रहे है . फर्जी मरीज बताकर अथवा पात्रता नहीं रखने वाले को भी मोटी रकम लेकर लाभ देने और आयुष्मान के नाम पर शासन से भी राशि लेने और मरीज से भी नगदी राशि लेने की शिकायतें प्राप्त हो रही है . फर्जी आईडी वाले मामले में भी यह माना जा रहा है कि कोई बड़ा साईबर गिरोह काम कर रहा है . यह लोग स्थानीय स्तर से राजधानी तक योजना बद्ध रूप से लोगो को और शासन को लूटने के काम में जुटे हुए है . इसकी जांच पुलिस साईबर एंगल से कर रही है . मामले में जीरापुर बीएमओ ने पुलिस अधीक्षक सहित सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल को अपनी रिपोर्ट सौंपी है . पुलिस मामले की जांच कर रही है .

तेलंगाना, झालावाड़ के लोगों के प्रमाण पत्र जारी



संस्था प्रभारी डॉ . सिमरन ठाकुर ने इस मामले को विभाग के सामने रखा है . उन्होंने लिखित आवेदन में बताया कि 16 मार्च को शाम करीब 5 .27 बजे उनके मोबाइल नंबर पर अचानक ओटीपी प्राप्त हुआ . उस समय अस्पताल में किसी भी कर्मचारी को पोर्टल संचालन के लिए अधिकृत नहीं किया गया था . ओटीपी आने के तुरंत बाद 8 जन्म प्रमाण पत्र जारी होने से संबंधित ओटीपी प्राप्त हुए . जांच में सामने आया कि जारी किए गए प्रमाण पत्रों में न केवल स्थानीय बल्कि अन्य जिलों और यहां तक कि तेलंगाना राज्य के नाम भी शामिल हैं . इनमें नंदनी सोनी, मोहम्मद बिलाल मंसूरी, सुनिता बाई बागरी, पिंकी, मनीषा कुमारी, मुलागेरी श्रावंती, अकान बाई और अनिल नाथ के नाम दर्ज हैं .

पहले भी सामने आ चुके है मामले

इससे पहले भी एक फर्जी प्रमाण पत्र का मामला इसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सामने आ चुका है . उस समय पोर्टल की लॉगिन आईडी, पासवर्ड, मोबाइल नंबर और जीमेल आईडी डेटा एंट्री ऑपरेटर अर्जुन बैरागी निवासी लखोनी के पास थे . पूछताछ के बाद संबंधित ऑपरेटर ने त्यागपत्र दे दिया था . हालांकि बाद में मोबाइल नंबर बदलकर प्रभारी का नंबर अपडेट किया गया . लेकिन पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पूर्व ऑपरेटर के पास होने की आशंका जताई जा रही है . यही वजह है कि ओटीपी और जीमेल आईडी के माध्यम से पोर्टल का दुरुपयोग कर फर्जी प्रमाण पत्र बनाए गए .

हमारे पास रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी डॉ समिरन ठाकुर ने आवेदन देते हुए पूरे मामले से अवगत कराया है . मैंने मामला संवेदनशील होने के कारण तत्काल सीएमएचओ मैडल और पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को इसकी सूचना दी है . हमने जांच के पुलिस अधीक्षक कार्यालय को लेटर दिया है . इधर एसपी साब द्वारा तत्काल मामले में जांच बैठा दी गई है . मामला सायबर अपराध से जुड़ा है . हमारा लगातार सम्पर्क है . पुलिस की कार्यवाही जारी है .

सुनिल चौरसिया, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी

प्रेम का इजहार करने नशे में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 03 अप्रैल, सं. लीमाचौहान में शुक्रवार को एक 25 वर्षीय युवक एकतरफा प्रेमप्रसंग के चलते शराब पीकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया. सूचना मिलने पर टीआई और पुलिस बल ने मौके पर युवक को करीब एक घंटे तक समझाया और युवती से भी फोन पर बात की. युवक की पहचान निपानिया तुला गांव निवासी अनिल वर्मा (25) के रूप में हुई है, जो मिस्त्री का काम करता है. अनिल शुक्रवार सुबह से ही शराब पी रहा था. युवक ने बताया कि नशे की हालत में उसे सिर्फ वही युवती दिख रही थी, जिसके बाद उसने एकतरफा प्यार का इजहार करने के लिए टावर पर चढ़ने का फैसला किया. घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, एसआई सुगनलाल धुर्वे, आरक्षक राधारमण मीणा और आरक्षक विक्रम ने युवक को लगभग एक घंटे तक समझाया. पुलिस ने संबंधित युवती से भी बात की, जिसने बताया कि उसका युवक से कोई संबंध नहीं है और वह उसे जानती भी नहीं है. इसके बाद पुलिस ने युवक को समझा-बुझाकर टावर से नीचे उतारा और थाने ले गई. थाने में उसे आगे की समझाइश दी जा रही है.

गर्भ में शिशु की मौत के बाद रेफर किया, महिला की मौत

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 03 अप्रैल, का. डिलीवरी के लिए ले जाई जा रही एक गर्भवती महिला की रास्ते में ही मौत हो गई. घटना उस समय हुई जब गुना जिला अस्पताल से महिला को भोपाल रेफर किया गया था और परिजन एंबुलेंस के जरिए उसे लेकर जा रहे थे.

जानकारी के अनुसार, गुना जिले की निवासी 22 वर्षीय ज्योति पति श्याम सहरिया को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु की पहले ही मौत हो चुकी है. स्थिति को देखते हुए महिला को बेहतर उपचार के लिए भोपाल भेजने का निर्णय लिया गया.

परिजन एंबुलेंस से महिला को भोपाल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ब्यावरा के पास उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया. एंबुलेंस में किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजन उसे तत्काल ब्यावरा के सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजन शव को वापस अपने गांव ले गए. इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है.

लहसुन की मंडी होगी आज

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 03 अप्रैल, का. स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज शनिवार को लहसुन की नीलामी की जाएगी. मंडी प्रबंधन के अनुसार व्यापारियों से बातचीत के बाद मंडी समिति ने यह निर्णय लिया है कि आज 4 अप्रैल को लहसुन की नीलामी चालू रहेगी. नीलामी का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक रहेगा. लहसुन की नीलामी सब्जी मंडी में होगी.

जूडो फिटनेस टेस्ट में 164 खिलाड़ियों ने लिया भाग, 50 का खेलो इण्डिया के लिए चयन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 03 अप्रैल, का. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर जूडो, ब्यावरा में शुक्रवार को आधुनिक पद्धति से फिटनेस टेस्ट का आयोजन किया गया. इस परीक्षण में कुल 164 खिलाड़ियों ने भाग लिया.

जिनमें 62 बालक एवं 102 बालिकाएं शामिल रहीं. 50 खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया सेंटर योजना के अंतर्गत किया गया है.

सभी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया. साथ ही फिटनेस टेस्ट के अंतर्गत विभिन्न शारीरिक परीक्षण कराए गए. जिनमें प्रमुख रूप से बीप टेस्ट शामिल था. बीप टेस्ट एक वैज्ञानिक पद्धति है, जिसके माध्यम से खिलाड़ियों की सहनशक्ति, फेफड़ों की क्षमता एवं शारीरिक दक्षता का आकलन किया जाता है.

इसमें खिलाड़ियों को निर्धारित दूरी पर बीप की ध्वनि के अनुसार दौड़ना होता है, और हर स्तर के साथ गति बढ़ती जाती है. यह टेस्ट खिलाड़ियों की वास्तविक फिटनेस स्तर को मापने का प्रभावी माध्यम है. खेलो इंडिया जूडो कोच शुभम राजपूत ने बताया कि इस प्रकार के फिटनेस परीक्षण खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं.

आयोजन में उपयोग की गई समस्त सामग्री उप संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्रीमती शर्मिला डावर के निर्देशन में उपलब्ध कराई गई.

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 03 अप्रैल, सं. शहर के कीड़ी रोड क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार, कीड़ी रोड निवासी समीर पिता जमील अंसारी (लगभग 30 वर्ष) ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की. आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत युवक को फंदे से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल सारंगपुर ले गए. अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद समीर को मृत घोषित कर दिया. युवक की अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है. बताया जा रहा है कि युवक की दिनचर्या सामान्य थी, इसलिए आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.

बिना रेलिंग की पुलिया बन रही दुर्घटनाओं का कारण

महुआ से ग्राम परसूखेड़ी मार्ग पर आये दिन वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

नवभारत न्यूज, बोड़ा 03 अप्रैल, सं. महुआ से ग्राम परसूखेड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क पर एक बिना रेलिंग की पुलिया दुर्घटनाओं का कारण बन रही है. आये दिन वाहन अनियंत्रित होने से दुर्घटनाएं हो रही है. जानकारी के अनुसार सड़क पर बनी पुलिया पर से तीन मार्ग जुड़ते है. पुलिया पर से काफी आवाजाही रहती है. परन्तु पुलिया पर सुरक्षा की दृष्टि से किसी प्रकार की कोई रेलिंग नहीं है. थोड़ा भी संतुलन बिगड़ने से वाहन पुलिया से नीचे जा फिकाते है. इसको लेकर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को अवगत कराया जा चुका है. साथ ही पुलिया के स्थान पर पुल निर्माण की मांग भी की जाती रही है किंतु अभी तक इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है. विगत दिवस एक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा. सौभाग्य से कोई बड़ी घटना होने से बच गई.

दर्जनों गांव, स्कूल जाने का प्रमुख मार्ग-उक्त मार्ग से होकर तलेन, बोड़ा सहित दर्जनों गांव पहुंचा जा सकता है. परन्तु पुलिया पर दुर्घटना का डर बना रहता है. पुलिया से होकर ही कई स्कूलों का रास्ता जाता है. यहां से बच्चों, अभिभावकों का आना-जाना रहता है. ऐसे में किसी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है. बताया जाता है कि ग्रामीणों के द्वारा समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन इस गंभीर समस्या की और अभी तक ध्यान नहीं दिया गया.

दक्ष प्रजापति आर्मी संगठन की बैठक कल भोजपुर में

खिलचीपुर 03 अप्रैल, सं. दक्ष प्रजापति आर्मी संगठन की बैठक का आयोजन डूंगरी बालाजी मंदिर भोजपुर में कल रविवार को दोपहर 12 बजे रखी गई है. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति, प्रदेश प्रभारी मोहनलाल प्रजापति, संभाग प्रभारी बालकृष्ण चक्रवर्ती, राजगढ़ जिलाध्यक्ष सुरेश प्रजापति उपस्थित रहेंगे. बैठक में समाज में व्यप्त कुरूतियों, समाज को आगे बढ़ाने तथा पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए चचा की जायेगी. बैठक में प्रजापति समाज के युवा साथी अधिक से अधिक जनसंख्या में उपस्थित हो.

मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारियों ने दिया धरना

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 03 अप्रैल, का. विद्युत मंडल कर्मचारियो द्वारा अपनी 12 सूत्रीय मांगो के समर्थन में राजगढ़ में जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया. बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन में डटे रहे. भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री जितेंद्र भदोरिया राजगढ़ विभाग प्रमुख गोपाल प्रसाद शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सदस्यों ने धरना प्रदर्शन में भाग लेकर विद्युत कर्मचारियों को अपना व संगठन का समर्थन दिया. जिला सचिव सुरेश बनावडे द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

9 दिन की छुट्टी के बाद आज खुलेगी मंडी

समर्थन मूल्य खरीदी के पूर्व गेहूं की भारी आवक

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 03 मार्च, का. स्थानीय कृषि उपज मंडी में 9 दिन के लम्बे अवकाश के बाद आज शनिवार को मंडी में नीलामी कार्य शुरु होगा. एक दिन पूर्व शुक्रवार को ही मंडी परिसर फसल से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों से पट गया.

गौरतलब है कि 26 मार्च से 3 अप्रैल तक कृषि मंडी में अवकाश रहा. 9 दिन के अवकाश के बाद आज शनिवार को मंडी में नीलामी चालू होगी. इतने दिनों के अवकाश के बाद शुक्रवार को ही मंडी में काफी संख्या में फसल से भरे वाहन आ गये.

समर्थन मूल्य खरीदी पूर्व गेहूं की भारी आवक

शासन द्वारा गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी 10 अप्रैल से शुरु की जाएगी. किंतु इसके पूर्व ही मंडी में काफी मात्रा में गेहूं फसल विक्रय हेतु आने लगी है. शुक्रवार को स्थानीय मंडी में गेहूं की भारी आवक रही.

खरीदी तारीख बढ़ने से संशय

शासन द्वारा पूर्व में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से शुरु करना था. जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया. अब फिर कहीं तिथि को न बढ़ा दे इसको लेकर संशय बना है. इसको लेकर भी समर्थन मूल्य खरीदी के पूर्व ही बड़ी मात्रा में विक्रय हेतु गेहूं फसल मंडी में लाई जा रही है.

मंडी के 9 शेड हुए फुल

आज से मंडी में नीलामी शुरु होगी इसके एक दिन पूर्व शुक्रवार की दोपहर तक स्थानीय कृषि मंडी में काफी संख्या में फसल से भरे वाहन आ पहुंचे. मंडी परिसर में मौजूद 9 शेड वाहनों से पूरी तरह भर गये. देर शाम तक वाहनों का आना जारी था.

कब तक करें इंतजार, पैसों की आवश्यकता अभी

इन दिनों शादी ब्याह का सीजन है, ऐसे में कहीं अधिक खर्च के चलते पैसों की सख्त आवश्यकता है.

इसके चलते फसल का विक्रय किया जा रहा है. परन्तु समर्थन मूल्य पर खरीदी 10 अप्रैल से होना है, मजबूरन लोगों को समर्थन मूल्य के पूर्व ही मंडी में अपनी उपज विक्रय करना पड़ रही है.

विरोध ग्रामीण अंचलों में किसानों के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपे, महंगाई और बिजली को लेकर घेरा

महंगाई और समर्थन मूल्य की दरों को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपे

नवभारत न्यूज,

लखनवास 03 अप्रैल, सं. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादीया मंडल द्वारा, तथा लखनवास कांग्रेस कमेटी मंडलम द्वारा प्राथमिक साख सहकारी समिति लखनवास में मौजूद सेक्रेटरी रवि प्रकाश सोंधिया, कमल किशोर यादव पटवारी को ज्ञापन दिया. कांग्रेस द्वारा मांग की गई कि प्रदेश में हो रहे किसानों के साथ धोखा सरकार बंद करें सरकार अपनी नीतियां सही बनाए. कई किसानों का बिजली बिल बकाया ,केसीसी, वैवाहिक आयोजन शुरू है ,ऐसी स्थिति में पैसों की सख्त जरूरत होती है इसी पर पूर्व मंडलम अध्यक्ष बाबूलाल मीना सरकार पर निशाना साधते हुए बोले सरकार अपनी नाकामयाबियां छुपा रही है किसानों के लिए कोई बजट नहीं बना रही है. किसानों के हित में कोई काम नहीं कर रही है. इसी के साथ उन्होंने जिक्र किया राजस्थान में समर्थन मूल्य 2735 रुपए है. परंतु मध्य प्रदेश में 2625 है उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन में 2735 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूं खरीदने की बात कही. मंदिर प्रांगण लोदीपुरा में इकट्ठे होकर सभी कार्यकर्ता पैदल चलकर आवेदन देने पहुंचे. इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादीयां अध्यक्ष राजकुमार जाट आगर, लखनवास मंडल अध्यक्ष दीपक पाराशर, विजयसिंह लववंशी, पूर्व सरपंच लोदीपुरा, भवर बना टोडी, सुरेश दांगी, विष्णु गुर्जर, बाबूलाल मीना, बबलू सल्डी, मांगीलाल पूर्व सरपंच, रवि बना, किशन पूरी, ज्ञानसिंह लोधा, सर्जन लोधा, ईश्वर गुर्जर, रोशन लाल ,जीवन सिंह, भगवान गोस्वामी,चंदन गिर,नारायण सिंह लोधा,दीपक सोंधिया गोविंद पवार, दीपक पवार, पटेल, आदि उपस्थित रहे.

मलावर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा समय सीमा में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरु करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया. ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जाट के नेतृत्व में प्रथमिक सहकारी समिति प्रबंधक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें समय-सीमा से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरु करने की मांग की. ज्ञापन में कहा गया है कि फसल निकले 20-25 दिन हो गये है, किंतु समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरु नहीं हुई है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. किसानों को अभी पैसो की सख्त आवश्यकता है. कहा गया कि हमारे पड़ोसी राज्य राजस्थान में समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल है जबकी मध्य प्रदेश में कम है. जिसे बढ़ाने की भी मांग की गई. इस अवसर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे है.